पंजाब केसरी 13/09/2025

# प्रतिभा, परिश्रम और रचनात्मक सोच से राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान देंगे विद्यार्थी : डॉ. रोहित दत्त

**नृत्य प्रतियोगिता में स्नेहा रावत ने प्रथम पुरस्कार किया हासिल**






*प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त और नृत्य प्रस्तुति देती छात्रा। (चंद्रमोहन)*

अम्बाला, 12 सितम्बर (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत 2 दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हो गई। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह का नेतृत्व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. चंद्रपाल पुनिया ने किया। कार्यक्रम में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए नृत्य, गायन एवं वाद्य यंत्र प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्हें विश्वास है कि उनके कॉलेज के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा, परिश्रम और रचनात्मक सोच के बल पर न केवल महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे, बल्कि भविष्य में राष्ट्र निर्माण की दिशा में भी सार्थक योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज सदैव इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि यहां अध्ययनरत प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी छिपी हुई क्षमताओं को उजागर करने का अवसर मिले।

डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि ये प्रतियोगिताएं केवल मंच पर प्रदर्शन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आत्म अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास का सशक्त साधन भी हैं। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के अंदर नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और सृजनशीलता का विकास करते हैं, जो उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की ओर अग्रसर करते हैं। आज के प्रतिस्पर्धी युग में एकैडमिक ज्ञान के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों और संवाद कौशल का विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उनके कॉलेज का प्रयास विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि एक ऐसा समग्र वातावरण प्रदान करना है, जो उन्हें समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनाए।

सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. चंद्रपाल पुनिया ने कहा कि ऐसे मंच विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। अंत में, प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**इन विद्यार्थियों ने किया कमाल**

नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार स्नेहा रावत, द्वितीय पुरस्कार दिव्यंजली एवं कुलजोत तथा तृतीय पुरस्कार महक ने हासिल किया। डॉ. अमिता, डॉ. नेहा अग्रवाल, प्रियंका वर्मा और गीति बिंद्रा ने इन विद्यार्थियों की प्रतिभा का आंकलन किया। गायन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार खुशी, द्वितीय पुरस्कार श्रेयशी तथा तृतीय पुरस्कार कुलजोत को मिला। भारती शर्मा, डॉ. मंजीत कौर, डॉ. गीता कौशिक, शिवानी सोनी और चेतना पांडे ने इन विद्यार्थियों की प्रतिभा का आंकलन किया।

वाद्य यंत्र प्रतियोगिता में डॉ. चंद्रपाल, तरुणबीर सिंह, डॉ. शुभम कुमार और निकांशी ने विद्यार्थियों की वाद्य यंत्र बजाने की प्रतिभा का आंकलन किया। पाश्चात्य वाद्य यंत्र प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सोहम और भारतीय वाद्य यंत्र प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कुलजोत सिंह ने हासिल किया, जबकि द्वितीय पुरस्कार सोहम तथा तृतीय पुरस्कार कार्तिक ने प्राप्त किया।